शेर पे सवार होके आजा शेरावालिये

शेर पे सवार होके आजा शेरावालिये,
आज मेरे घर मैया तेरा जगराता है,
दौड़ी दौड़ी आजा मैया आजा शेरावालिये,
शेर पे सवार होके आजा शेरावालिये॥

हरे हरे गोबर से अंगना लिपाऊ माँ,
चाँद की चांदनी में चौकी सजाऊ माँ,
झिलमिल तारो की रौशनी कराऊ माँ,
दौड़ी दौड़ी आजा मैया आजा शेरावालिये,
शेर पे सवार होके आजा शेरावालिये॥

मुस्से पे सवार होके गणपति आए माँ,
डमरू बजाते हुए शिवजी भी आए माँ,
गदा घुमाते हुए हनुमान भी आए माँ,
दौड़ी दौड़ी आजा मैया आजा शेरावालिये,
शेर पे सवार होके आजा शेरावालिये॥

श्रद्धा और भगती से छत्र चढाऊ माँ,
जगमग करता मुकुट पहनाऊँ माँ,
केसर रोली का तिलक लगाऊं माँ,
दौड़ी दौड़ी आजा मैया आजा शेरावालिये,
शेर पे सवार होके आजा शेरावालिये॥

चंपा चमेली का हार पहनाऊँ माँ,
चूड़ी पहना के तुम्हे मेहँदी लगाऊं माँ,
लाल लाल घोटे वाली चुनरी ओढाऊ माँ,
दौड़ी दौड़ी आजा मैया आजा शेरावालिये,
शेर पे सवार होके आजा शेरावालिये॥

जय जय कार बोल तेरी ज्योत जगाऊ माँ,
चिमटा ढोलक मंजिरे बजाऊं माँ,
सारी सारी रात जाग भेट तेरी गाऊ माँ,
दौड़ी दौड़ी आजा मैया आजा शेरावालिये,
शेर पे सवार होके आजा शेरावालिये॥

ध्वजा और नरियल की भेट चढाऊ माँ,
मेवा हलवे चने का भोग लगाऊं माँ,
छोटी छोटी मैया तेरी कंजके बिठाऊ माँ,
दौड़ी दौड़ी आजा मैया आजा शेरावालिये,
शेर पे सवार होके आजा शेरावालिये,
आज मेरे घर मैया तेरा जगराता है,
दौड़ी दौड़ी आजा मैया आजा शेरावालिये,

शेर पे सवार होके आजा शेरावालिये॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24772/title/sher-pe-swaar-hoke-aaja-sherawaliye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |